प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज हंगामे के साथ हुआ शुरू : वित्तीय वर्ष 2024–25 का दूसरा अनुपूरक बजट कल विधानसभा में किया जाएगा पेश।
2. विधानसभा में नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– प्रदेश में 2017 से अब तक दंगों में आई है 97 प्रतिशत कमी।
3. सुल्तानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मामले में अब 2 जनवरी को होगी अगली सुनवाई।

और

4. पूरा देश आज मना रहा है विजय दिवस : प्रदेश में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित।

——————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज हंगामे के साथ शुरू हुआ। विधानसभा में सत्र के पहले दिन विपक्ष ने बहराइच और संभल हिंसा के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। सदन में अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति के बजाय प्रदेश में कानून का राज

स्थापित किया है। श्री योगी ने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2017 से अब तक प्रदेश में दंगों में 97 प्रतिशत तक कमी आई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को सुरक्षा देना सरकार की ज़िम्मेदारी है। बाइट........

*प्रदेश आगे बढ़ना चाहता है। विकास के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहता है। लेकिन मैं इस बात के लिए आश्वस्त करूंगा कि पच्चीस करोड़ जनता को सुरक्षा देना उनकी हर प्रकार से हिफाजत करना यह प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है। कोई कानून को अपने हाथों में लेकर के कानून को ठेंगा दिखाने का प्रयास करेगा तो सरकार उससे सख्ती से निपटने का काम भी करेगी।*

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का माहौल है उसी का परिणाम है कि प्रदेश को करोड़ों का निवेश प्राप्त हुआ है। बाइट......

*इसमें एक माहौल है कानून व्यवस्था की जो स्थिति पैदा हुई है लोगों को सुरक्षा पर, विश्वास पर, कानून व्यवस्था पर विश्वास है उसी का परिणाम है कि 40 लाख करोड़ रुपये का निवेश का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश को प्राप्त होता है। इतना निवेश इंफ्रास्कट्रचर का यह कार्य रोड की, रेलवे की, एयर कनेक्टिविटी की यह उसी का परिणाम है।*

उधर, विधान परिषद में आज समाजवादी पार्टी ने संभल का मद्दा उठाते हुए सरकार को घेरा और हंगामा किया। सरकार की ओर से जवाब देते हुए नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज है और जो भी अपराध करेगा, उसके खिलाफ कार्यवाही होगी।

वित्तीय वर्ष 2024–25 का दूसरा अनुपूरक बजट कल विधानसभा में पेश किया जाएगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट की अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद इसे पारित किया जाएगा। विधानसभा सत्र के चलते विधान मंडल के आसपास के कई मार्गों पर डायवर्जन किया गया है। लखनऊ यातायात पुलिस ने जनता से अपील की है कि लोग डायवर्जन को ध्यान में रखकर ही अपने गंतव्य के लिए निकलं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उत्तर प्रदेश विधान सभा की नवीनीकृत दर्शक दीर्घा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विधानसभा प्रदेश के नागरिकों के लिए लोकतंत्र का आधार है। दर्शक दीर्घा के उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री, प्रदेश के मंत्रियों और नेता प्रतिपक्ष को मूल संविधान की एक–एक प्रति भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानमंडल सार्थक बहस का मंच बने, इसमें विपक्षी दलों के सहयोग की अपेक्षा है। बाइट.....

*जो जनता से जुड़े हुए मुद्दे है उन मुद्दों को भी सदन में रखने का एक सुनहरा अवसर माननीय सदस्यों के सामने है और इसीलिये मेरी अपील होगी सभी पक्षों से कि सदन की कार्यवाही सुगमता के साथ संचालित हो आगे बढ़े। वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनामी को प्राप्त करने के लिये एक बड़े अभियान को प्रदेश सरकार ने अपने हाथों में लिया है उसे प्राप्त करने*

*के इस पवित्र महायज्ञ में हम सब भी भागीदारी बने इस दृष्टि से सरकार सभी का सहयोग और समर्थन इसके लिये चाहती है।*

——————————

उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और फिज़िकल टेस्ट की प्रक्रिया 26 दिसम्बर से शुरू हो जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थी आज से अपने एडमिट कार्ड उत्तर प्रदेश प़ुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट यूपी पीबी पीबी डॉट जीओवी डॉट इन से डाउनलोड कर सकते हैं। किसा भी प्रकार की समस्या होने पर अभ्यर्थी हेल्प लाइन नंबर 8867786192 पर संपर्क कर सकते हैं। सिपाही भर्ती परीक्षा इसी वर्ष अगस्त माह में सम्पन्न कराई गई थी।

——————————

सम्भल जिले में मिले प्राचीन शिव मंदिर परिसर में मौजूद कुंए के करीब बीस फुट तक खुदाई की गयी है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चन्द्र ने आज बताया कि ख़ुदाई के दौरान कुंए में मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय जी की खण्डित मूर्तियां मिली हैं। जिला प्रशासन अब कुंए कि खुदाई की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को देने की तैयारी में है।

——————————

पद्म विभूषण से सम्मानित विश्व विख्यात तबला वादक जाकिर हुसैन का कल रात अमेरिका में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। उन्हें हृदय संबंधी समस्याओं के कारण सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। संगीत के क्षेत्र में अपने छह दशकों के करियर में, जाकिर हुसैन ने विश्व स्तर पर पांच ग्रैमी पुरस्कार जीते थे, जिनमें से तीन इस साल की शुरुआत में 66वें ग्रैमी पुरस्कार में जीते। जाकिर हुसैन के निधन पर राष्टंपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख व्यक्त करते हुए इसे संगीत जगत की अपूरणीय क्षति बताया है। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष पद्म श्री डॉ. राजेश्वर आचार्य ने कहा कि श्री ह्सैन की संगीत निष्ठा ने भारतीय प्रतिष्ठा के रूप में दुनियाभर में अपनी पहचान बनाई।

बाइट......

*भारतीय परिवेक्ष के क्षेत्र में ऐसे कलाकार बहुत कम होते है जो अपने कौशल और कलात्मक प्रस्तुतति से सामान्य से लेकर विशेषजन का मन मोह लेते है और इन्होंने बचपन से लेके युवा अवस्थाओं विश्व में भारत के गौरव के माध्यम के रूप में कार्यक्रम देते हुए देखा है उनमें सबसे बड़ी गुणवत्ता थी उनकी सायनितिक निष्ठा, भारतीय और प्रतिष्ठा के रूप में विश्व में फैली इसमें उनका संस्कारों और आचरणों का भी बहुत बड़ा योगदान था।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमार यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

प्रयागराज में आज से सांस्कृतिक पर्यटन पर आधारित लघु फिल्मों का अंतराष्ट्रीय समारोह आईएफएफसी का आगाज़ हो गया है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित समारोह में सांस्कृतिक पर्यटन पर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि महाकुंभ– 2025 से पूर्व प्रयागराज में यह आयोजन निश्चित तौर पर फिल्म प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। तीन दिवसीय समारोह में अंतराष्ट्रीय स्तर की कई प्रतिष्ठित फिल्में प्रदर्शित होंगी, जो सांस्कृतिक पर्यटन के विभिन्न पहलुओं को उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन स्थानोय और अंतराष्ट्रीय दर्शकों के बीच सांस्कृतिक पुल का निर्माण करेगा, जो आपसी समझ, सहयोग को बढ़ावा देगा।

———————

उन्नीस सौ 71 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है। युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*उन्नीस सौ 71 में 16 दिसम्बर को पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल ए खान नियाजी ने 93 हजार सैनिकों के साथ भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के सामने बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया था। युद्ध की समाप्ति के बाद पूर्वी पाकिस्तान का उदय बांग्लादेश के रूप में हुआ। विजय दिवस के अवसर पर राष्टंपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उन्नीस सौ 71 के युद्ध के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजय दिवस को मनुष्यता की जीत बताया है। मथुरा में विजय दिवस पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में शहीद सैनिक स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं बुलंदशहर में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने युद्ध में योगदान देने वाले 32 पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————————

शाहजहांपुर के कांट कस्बे की तीन महिला खिलाड़ियों ने वालीबॉल की राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई है। इन खिलाड़ियों के चयन से परिवार में उत्साह की माहौल है। चयनित खिलाड़ियों में वैष्णवी मिश्रा का अंडर–11 राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, जबकि वैशाली और वीरेन्द्र ने अंडर–17 में राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाई है।

——————————

भारतीय महिला हॉकी टीम जूनियर एशिया कप का खिताब जीत कर आज वापस देश लौट आई है। टीम के खिलाड़ियों का ढोल नगाड़ों के बीच स्वागत किया गया। टीम में शामिल प्रदेश की एकमात्र खिलाड़ी मुमताज खान ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि यह जीत उन्हें आगे के लिए प्रेरित करेगी। बाइट.......

*मुझे बहुत खुशी है कि हम अपने देश के लिए गोल्ड मेडल ले के आए और हमने चाइना को फाइनल में हराया है और हम इस जीत की खुशी मना रहे हैं और हम आगे आने वाले टूर्नामेंट में फोकस भी कर रहे हैं और हम आने वाले टाइम में भी चाहते हैं कि अपने देश को ऐसे ही मैडल देते रहे और हमारा देश ऐसे ही आगे बढ़ता रहे।*

——————————

प्रदेश में पिछले 24 घंटे में पश्चिमी विक्षोभ के चलते तापमान में कुछ बढ़ोत्तरी दर्ज कीगई है। इससे लोगों को शीतलहर से कुछ राहत मिली है। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले 48 घंटों में तापमान में बढ़ोत्तरी जारी रहने का अनुमान है। हालांकि प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में देर रात औऱ सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

(समाप्त)